तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, गुरुवार 24 जुलाई 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

14 अकोला स्कूल में परंपरा के साथ मनाया गया हरेली पर्व



13 ओबीसी महासभा ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन



# देश के वीर जवानों के नाम जिले की बहनों ने भेजीं 6000 राखियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

रक्षाबंधन पर्व पर जहां हर बहन अपने भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधने की तैयारी में है। वहीं छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं और स्वयं सहायता समूहों की हजारों महिलाओं ने एक अनोखा और प्रेरणादायी कार्य किया है। उन्होंने देश की सीमाओं पर तैनात 6000 से अधिक वीर जवानों के लिए राखियां भेजीं, जिनमें बंधा है अपार स्नेह, सम्मान और राष्ट्रभक्ति। यह अभियान महिला एवं बाल विकास विभाग, बेमेतरा के मार्गदर्शन में चलाया गया। राखियां हाथों से बनाई गईं, उन्हें प्यारे संदेशों और शुभकामनाओं के पत्रों के साथ सम्मानपूर्वक पैक किया गया। हर एक राखी, एक बहन के दिल की आवाज़ बनकर वीर सैनिकों तक पहुंचेगी। यह संदेश लेकर कि वे केवल वर्दीधारी नहीं, बल्कि हर घर के बेटे और हर बहन के भाई हैं।

**देश की सरहदों पर तैनात भाईयों के लिए हमारी राखियां और दुआएं:** बेमेतरा सेक्टर कंतेली की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता संगीता वर्मा ने भावुक होकर कहा की हमारी तरफ से उन भाइयों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं जो दूर सरहद पर हमारी रक्षा कर रहे हैं। यह राखी उनके साहस और बलिदान को हमारा नमन है। वे सुरक्षित रहें, यही हमारी दुआ है। वहीं सहायिका संतोषी साहू वार्ड 15 ने अपने पत्र में लिखा की आप हमारे लिए सिर्फ सैनिक नहीं, परिवार का हिस्सा हैं। यह राखी सिर्फ धागा नहीं, हमारी आत्मीयता और आशीर्वाद का प्रतीक है।

## महिला एवं बाल विकास विभाग बेमेतरा की अभिनव पहल



### यह केवल राखियां नहीं, नारीशक्ति का राष्ट्र के प्रति समर्पण है

इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी चंद्रबेश सिंह सिसोदिया ने कहा की यह पहल केवल रक्षा सूत्र भेजने तक सीमित नहीं है। यह नारीशक्ति की राष्ट्रभक्ति, भावनात्मक एकजुटता और सम्मान का प्रतीक है। बेमेतरा की महिलाओं ने यह दिखाया कि देशभक्ति केवल बंदूक या वर्दी से नहीं, बल्कि स्नेह, त्याग और भावना से भी प्रकट की जा सकती है। इस अभियान को विभागीय अधिकारियों और स्थानीय प्रशासन का भरपूर सहयोग मिला। पूरे जिले में इस पहल ने एक सकारात्मक ऊर्जा और गर्व का माहौल निर्मित किया है। **बेमेतरा की बहनों का यह संदेश देश के हर कोने में गूंजे:** इस रक्षाबंधन पर जब देशभर में भाई-बहन के रिश्ते को बांधने वाली राखियां बांधी जाएंगी, तब बेमेतरा की महिलाओं द्वारा भेजी गई राखियां सीमाओं पर तैनात सैनिकों की कलाई पर बंधकर उनके मनोबल को और ऊंचा करेंगी। यह प्रमाण है कि जहां बहन का प्यार होता है, वहां कोई दूरी मायने नहीं रखती। इस प्रयास ने यह साबित कर दिया कि सच्चा राष्ट्रप्रेम केवल शब्दों में नहीं, कर्मों में झलकता है और इस बार वह प्रेम राखी के धागों में बंधकर सीमाओं तक जा पहुंचा है।

## खबर संक्षेप

### सिख समाज के हरदीप सिंह राजा बने बेमेतरा जिला अध्यक्ष



**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ सिख समाज (बेमेतरा) के जिला प्रमुख अध्यक्ष के रूप में हरदीप सिंह राजा छाबड़ा की नियुक्ति की गई है। प्रदेश अध्यक्ष सुखबीर सिंह पप्पू भाटिया, हरिकिशन सिंह व अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों की सहमति से यह दायित्व उन्हें सौंपा गया। इस अवसर पर रायपुर सिख समाज के वरिष्ठ सेवक परविंदर सिंह भाटिया ने राजा छाबड़ा को शुभकामनाएं देते हुए समाज के प्रति समर्पित भाव से कार्य करने की प्रेरणा दी। नियुक्ति पर प्रतिक्रिया देते हुए राजा छाबड़ा ने कहा कि मैं छत्तीसगढ़ सिख समाज का हृदय से आभार प्रकट करता हुं। पप्पू भाटिया जी पिछले 15 वर्षों से मेरे मार्गदर्शक हैं, उनका स्नेह और सहयोग मुझे सदैव मिलता रहा है। मैं समाज हित में सतत कार्य करता रहूंगा। इस अवसर पर रायपुर बाबा बुड्ढा साहिब गुरुद्वारा के अध्यक्ष हरिकिशन सिंह, गुरु गोबिंद सिंह स्टडी सर्कल बेमेतरा के अध्यक्ष हरजीत सिंह खनूजा, तथा छत्तीसगढ़ धर्म प्रचार कमेटी कवर्धा के गुरदीप सिंह पहुजा ने भी श्री छाबड़ा को शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

### जिले में अब तक 248.1 मिमी. औसत वर्षा हुआ

**बेमेतरा।** चालू बारिश सीजन के दौरान बेमेतरा जिले में 01 जून से 23 जुलाई तक की स्थिति में सवेरे 8 बजे तक जिले में 248.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में अब तक सर्वाधिक वर्षा तहसील थानखम्हरिया में 316.3 मि.मी. तथा न्यूनतम 136 मि.मी. वर्षा नवागढ़ तहसील में दर्ज की गई है। संयुक्त जिला कार्यालय के भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार बेमेतरा तहसील मे 204.6 मि.मी. वर्षा, नांदघाट तहसील में 286.5 मि.मी. वर्षा, बेरला तहसील में 278.7 मि.मी., देवकर तहसील में 248.5 मि.मी, वर्षा दाढ़ी तहसील मे 306.4 मि.मी., वर्षा भिंभौरी तहसील में 203.5 मि.मी. एवं साजा तहसील में 252.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### 25 से पीएम सुरक्षित मातृत्व अभियान

**बेमेतरा।** जिले में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन 25 जुलाई शुक्रवार को किया जाएगा। सामान्यतः यह अभियान प्रत्येक माह की 9 और 24 तारीख को आयोजित किया जाता है, परंतु इस माह 24 जुलाई को शासकीय अवकाश होने के कारण, शासन के निर्देशानुसार यह अभियान एक दिन पश्चात आयोजित किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय बेमेतरा से प्राप्त जानकारी के अनुसार, जिले के सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में इस दिन गर्भवती माताओं की निःशुल्क प्रसव पूर्व स्वास्थ्य जांच की जाएगी। इस दौरान माताओं को जरूरी सलाह, जांच, रक्तचाप, हिमोग्लोबिन, वजन, पोषण स्थिति, टीकाकरण सहित समुचित मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाएगा। सीएमएचओ कार्यालय ने सभी गर्भवती महिलाओं से अपील की है कि वे 25 जुलाई को अपने निकटतम स्वास्थ्य केन्द्रों में जाकर इस अभियान का लाभ उठाएं और सुरक्षित मातृत्व की दिशा में सहयोग करें। यह अभियान मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने, सुरक्षित प्रसव को बढ़ावा देने तथा मातृत्व को सुरक्षित और सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग की यह पहल ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों की महिलाओं को समय पर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में सराहनीय प्रयास है।

## भक्ति

### पार्थिव शिव लिंग बनाया, परिवार समेत की पूजा और विसर्जन

# घर-घर हुआ शिवजी का जलाभिषेक ऑनलाइन जुड़े श्रद्धालु और की पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

श्रावण मास की महाशिवरात्रि पर नवागढ़ नगर और आसपास के ग्रामीण अंचलों में बुधवार को भक्ति और श्रद्धा का अभूतपूर्व संगम देखने को मिला। कथा वाचक पं. प्रदीप मिश्रा के आव्हान पर हजारों श्रद्धालुओं ने अपने-अपने घरों में पार्थिव शिवलिंग बनाकर विधिवत रुद्राभिषेक किया। पूरे आयोजन की खास बात यह रही कि सभी श्रद्धालु ऑनलाइन माध्यम से पं. मिश्रा के साथ लाइव जुड़े और निर्धारित समय अनुसार एक साथ घरों में भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया। रात्रि में ही श्रद्धालु सिर पर शिवलिंग लेकर तालाबों की ओर पहुंचे और विधिवत विसर्जन किया गया।

■ बाजारों में सुबह से दिखी गई जबरदस्त भीड़

### सुबह से बाजारों में रौनक, पूजन सामग्री की दुकानों में उमड़ी भीड़

बुधवार को भोर होते ही श्रद्धालु पूजन सामग्री की खरीदारी में जुट गए थे। नगर के प्रमुख बाजारों में बेलपत्र, धतूरा, पंचामृत, पुष्पमाला, गंगाजल, दीपक, धूप, कपूर, भस्म, और मिठाइयों की दुकानों पर जबरदस्त भीड़ देखी गई। दुकानदारों ने बताया कि इस बार मांग पिछली बार से ज्यादा रही।



### शाम 7 से 8 बजे तक टीवी और मोबाइल के सामने बैठे श्रद्धालु

पं. प्रदीप मिश्रा द्वारा रुद्राभिषेक का समय शाम 7 बजे से 8 बजे तय किया गया था। समय से पहले ही श्रद्धालु घरों में पार्थिव शिवलिंग बनाकर पूजा की तैयारी में जुट गए। जैसे ही लाइव प्रसारण शुरू हुआ, लोग टीवी और मोबाइल के सामने बैठ गए। इस दौरान पूरे नवागढ़ में एक समान भक्ति भाव देखने को मिला। एक ओर घरों में मंत्रोच्चारण और पूजा चल रही थी, तो दूसरी ओर लोग सोशल मीडिया पर लाइव जुड़कर भी भक्ति का अनुभव कर रहे थे।

### रात 9 बजे से शुरू हुआ विसर्जन, तालाबों में लगी रही श्रद्धालुओं की भीड़

रुद्राभिषेक के बाद श्रद्धालुओं ने पार्थिव शिवलिंग को विसर्जित करने की तैयारी की। रात 9 बजे के बाद बड़ी संख्या में लोग सिर पर शिवलिंग रखकर नगर के प्रमुख तालाबों की ओर बढ़े। तालाब के किनारे मंत्रोच्चारण के साथ शिवलिंग और पूजन सामग्री का विसर्जन किया गया।

### पंडित बोले- यह रुद्राभिषेक आने वाले कई वर्षों तक देगा पुण्यफल

स्थानीय आचार्य पं. श्रीकांत शर्मा ने बताया कि श्रावण मास में पार्थिव शिवलिंग बनाकर रुद्राभिषेक करना शिवभक्ति का सर्वोत्तम मार्ग है। विशेषकर जब यह एक नियत समय पर एकसाथ सामूहिक रूप से हो, तो इसका पुण्य कई गुना बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन पूजा के इस स्वरूप ने आधुनिक तकनीक को आध्यात्म से जोड़ने का सफल प्रयास किया है।

### श्रद्धालुओं की जुबानी

पहली बार पूरे परिवार ने एकसाथ घर में रुद्राभिषेक किया

– गंगा चौबे, वार्ड 5

हर बार मंदिर जाकर पूजा करते थे, लेकिन इस बार घर में ही शिवलिंग बनाया और पूरा परिवार टीवी के सामने बैठकर अभिषेक किया। बहुत अच्छा अनुभव रहा।

- आरती मिश्रा, वार्ड 7

रात में भी तालाब पर सैकड़ों लोग मौजूद थे। सबके चेहरे पर भक्ति थी, और हाथों में शिवलिंग। यह दृश्य अविस्मरणीय रहेगा।

- प्रभा देवांगन, वार्ड 4

## पति-पत्नी का एक साथ हुआ अंतिम संस्कार, नम आंखों से ग्रामीणों ने विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

ग्राम चेचानमेटा में मंगलवार को एक हृदयविदारक हादसे ने पूरे गांव को गमगीन कर दिया। आकाशीय बिजली गिरने से नवविवाहित दंपत्ति भूपेंद्र और ज्योति की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद बुधवार को दोनों का अंतिम संस्कार भारी शोक और नम आंखों के बीच संपन्न हुआ। गांव के हर व्यक्ति की आंखें इस घटना से नम थीं। दोनों का अंतिम संस्कार एक साथ किया गया।

■ ग्राम चेचानमेटा में आकाशीय बिजली गिरने से पति-पत्नी की हुई थी मौत

महज कुछ महीने पहले 4 अप्रैल को भूपेंद्र और ज्योति का विवाह बड़े धूमधाम से संपन्न हुआ था। आज भी उनके घर की दीवारों पर विवाह के संदेश और सजावट के निशान जस के तस बने हुए हैं, लेकिन एक पल की प्राकृतिक आपदा ने दोनों की जिंदगी को हमेशा के लिए खत्म कर दिया।

अंतिम संस्कार के दौरान गांव की बड़ी संख्या में भीड़ उमड़ पड़ी। एक साथ पति-पत्नी की विदाई ने माहौल को और भी भावुक बना दिया। अंतिम संस्कार में विधायक ईश्वर साहू भी शामिल हुए। उन्होंने मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए परिजनों को ढांढस बंधाया और हर संभव मदद का आश्वासन दिया। यह घटना न केवल ग्राम चेचानमेटा, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए एक गहरी क्षति है। गांववासी अभी भी इस दुखद क्षण से उबर नहीं पाए हैं और सभी मृत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना कर रहे हैं।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान है मातृ सम्मान और पर्यावरण संरक्षण का अनूठा संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



जनपद पंचायत परिसर, बेमेतरा में आज "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस भावनात्मक और पर्यावरणीय चेतना से परिपूर्ण मुहिम के तहत नीलगिरी के पौधे का रोपण किया गया, जो मातृप्रेम और प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का प्रतीक बना। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य मंत्री दयालदास बघेल की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिन्होंने एक पेड़ मां के नाम के तहत नीलगिरी का पौधा रोपित किया। उनके साथ जनपद अध्यक्ष हेमा दिवाकर, सभी जनपद सदस्यगण और आमजन ने भी इस पुनीत कार्य में भाग लेकर इस पहल को सार्थकता प्रदान की।

■ खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने किया मातृत्व और पर्यावरण को समर्पित किया पौधारोपण

**मातृत्व को समर्पित वृक्षारोपण पर्यावरण संरक्षण की प्रेरणा:** "एक पेड़ मां के नाम" अभियान का उद्देश्य केवल पौधारोपण नहीं, बल्कि समाज में मातृत्व के सम्मान को प्रकृति से जोड़ना है। यह पहल हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि जैसे मां हमें जीवन देती है, वैसे ही पेड़ हमें प्राणवायु (ऑक्सीजन), छांव, जल और संतुलित पर्यावरण प्रदान करते हैं। मां और वृक्ष दोनों जीवनदाता हैं। नीलगिरी ▶▶| शेष पेज 13 पर

## प्रार्थना में अनुपस्थित शिक्षकों को शोकाज नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा




स्कूल खुले हुए लगभग एक महीने से भी अधिक का समय हो गया है फिर भी शिक्षण व्यवस्था पटरी पर नहीं आ पाई है। ना तो बच्चे समय पर विद्यालय पहुंचे रहे हैं और नहीं शिक्षक। कई विद्यालय में तो संस्था प्रमुख प्रार्थना में पहुंचते ही नहीं है। जैसे प्रार्थना में न पहुंचने की कसम खा ली हो। प्रार्थना होने के बाद आधे से 1 घंटे में पहुंचते हैं। स्कूल खुलने से लेकर शिक्षा विभाग के आला अधिकारी लगातार विद्यालयों की मॉनिटरिंग कर रहे हैं, लेकिन शिक्षक है कि लेट में आने से बाज नहीं आ रहे हैं। हालांकि शिक्षक शिक्षिकाओं के लिए तथा संस्था प्रमुखों के लिए कड़े निर्देश जारी किए गए हैं। लेकिन जिला शिक्षा अधिकारी और सहायक संचालक की निरीक्षण से साफ जाहिर हो रहा है कि शिक्षकों को अधिकारियों का कोई भय नहीं है और अपनी मनमर्जी से स्कूल आ रहे हैं और जा रहे हैं। आज जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. कमल कपूर बंजारे और सहायक संचालक एसपी कोशले ने बेमेतरा के नगर स्थित शासकीय नवीन प्राथमिक शाला वार्ड क्रमांक 12 का प्रातः ठीक 10 बजे आकस्मिक निरीक्षण किया।ठीक 10 बजे प्रार्थना हुई। इसमें 6 स्टॉफ में से विद्यालय की प्रधान पाठिका चंद्रकला शर्मा और सहायक शिक्षक घनश्याम देवांगन ही उपस्थित पाए गए। जबकि शिक्षिका अंकिता तिवारी गायत्री साहू और शिक्षक हेमलाल साहू अनुपस्थित पाए गए। प्रधान पाठिका ने बताया कि शिक्षक हेमलाल साहू ने ऑनलाइन अवकाश का आवेदन दिया है, जबकि दोनों शिक्षिका बिना कोई सूचना दिये और बिना आवेदन के विद्यालय में अनुपस्थित रही।

■ लगातार मॉनिटरिंग के बावजूद भी नहीं सुधर रही शिक्षण व्यवस्था

### बगैर अनुमति अवकाश वर्जित

संकुल समन्वयक नीलकंठ सियारे के बारे में प्रधान पाठिका ने बताया कि वह मीटिंग में गये है। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा कई बार निर्देश जारी किया गया है कि बिना आवेदन के और आवेदन को स्वीकृत कराये बिना कोई भी शिक्षक या कर्मचारी अवकाश पर नहीं रहेंगे। अब तो आवेदन को ऑनलाइन स्वीकृत भी किया जा रहा है। इसके बावजूद भी ▶▶| शेष पेज 13 पर

### जनप्रतिनिधियों और समाजजनों ने जताई नाराज़गी

# नांदघाट कॉलेज का भूमि पूजन विवादों में घिरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांदघाट



नांदघाट में स्वीकृत शासकीय कॉलेज का भवन ग्राम कुंरा में बनाए जाने के शासन के निर्णय ने राजनीतिक व सामाजिक हलकों में विरोध की लहर पैदा कर दी है। क्षेत्रीय सर्वदलीय मंच ने इस निर्णय को जनभावनाओं के खिलाफ बताते हुए 28 जुलाई को नवागढ़ विधानसभा के दाढ़ी में प्रस्तावित मुख्यमंत्री के दौरे में संभावित कालेज भवन भूमि पूजन कार्यक्रम के बहिष्कार का ऐलान किया है। मंच का कहना है कि कॉलेज भवन का निर्माण नांदघाट में ही होना चाहिए, जहां इसकी वर्षों से माँग की जा रही थी।

**जनप्रतिनिधियों ने उठाई आवाज:** इस मुद्दे पर जनप्रतिनिधियों ने खुलकर विरोध जताया है। जिला पंचायत सदस्य सुशीला जोशी ने कहा कि नांदघाट की जनता लंबे समय से कॉलेज की मांग कर रही थी। जब स्वीकृति नांदघाट के लिए दी गई, तो भवन का निर्माण कुंरा में क्यों? यह निर्णय जनहित के खिलाफ है और हम इसका डटकर विरोध करेंगे। पूर्व जनपद सदस्य नेमा निषाद ने कहा कि नांदघाट शिक्षा, स्वास्थ्य और मूलभूत सुविधाओं के मामले में पिछड़ा क्षेत्र है। यहां कॉलेज की नितांत आवश्यकता है। इसे कुंरा ले जाना अनुचित है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**समाजजनों और कार्यकर्ताओं ने जताई नाराज़गी:** सिर्फ जनप्रतिनिधि ही नहीं, बल्कि स्थानीय समाजसेवी और युवा कार्यकर्ताओं ने भी शासन के इस निर्णय पर आपत्ति जताई है। नरेन्द्र शर्मा ने कहा कि कॉलेज नांदघाट की आवश्यकता है, कुंरा की नहीं। शासन की इस नीति से क्षेत्र की युवा पीढ़ी को नुकसान होगा। विजय यादव ने कहा कि सरकार को जनता की आवाज सुननी चाहिए। यह फैसला केवल कागज़ों में ठीक लग सकता है, जमीन पर इससे छात्रों को भारी कठिनाई होगी। कृष्णा ठाकुर ने कहा कि हम इस अन्याय के खिलाफ आवाज उठाते रहेंगे। कॉलेज का स्थानांतरण नांदघाट की जनता के साथ धोखा है। हम भूमि पूजन का पूर्ण बहिष्कार करेंगे।

### सुरक्षा और पहुंच पर भी सवाल

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि ग्राम कुंरा कॉले आवागमन की दृष्टि से उपयुक्त नहीं है। वहीं नांदघाट पहले से ही तहसील मुख्यालय और क्षेत्रीय केंद्र है, जहाँ कॉलेज का होना स्वाभाविक और न्यायोचित है।

### 28 जुलाई को विरोध प्रदर्शन

सर्वदलीय मंच ने घोषणा की है कि 28 जुलाई को प्रस्तावित भूमि पूजन कार्यक्रम का सामूहिक बहिष्कार किया जाएगा और उसी दिन भूमिपूजन बहिष्कार कार्यक्रम आयोजित कर शासन को जनभावना का स्पष्ट संदेश दिया जाएगा। इस आंदोलन को विभिन्न राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों व युवाओं का भरपूर समर्थन मिल रहा है।

## नपं उपाध्यक्ष ने की डिप्टी सीएम साव मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

नवा रायपुर स्थित डिप्टी सीएम अरुण साव के निवास में साजा नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रेरणा शौर्यजीत सिंह ने सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर नगर पंचायत साजा के विकास कार्यों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

मुलाकात पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह एवं विधानसभा अध्यक्ष द्वारा साजा क्षेत्र के 6 करोड़ के विकास कार्यों हेतु दिए गए पत्र और अुशंसा के संदर्भ में चर्चा हुई। उपाध्यक्ष प्रेरणा सिंह ने साजा नगर पंचायत में आवश्यक मूलभूत सुविधाओं, अधोसंरचना और सार्वजनिक हित के कार्यों की जानकारी देते हुए शीघ्र स्वीकृति की मांग की। डिप्टी सीएम अरुण साव ने पूरे मनोयोग से चर्चा सुनी और साजा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए शीघ्र कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

# आज से महापौर आपके द्वार, सुबह 7 बजे से लोगों की समस्याएं सुनेंगी

**अनोखी पहल : वार्ड के पार्षद, निगम के अधिकारी रहेंगे मौजूद, दो दिन पहले तय होगा शेड्यूल**

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शहर के 60 वार्डों में व्याप्त मूलभूत समस्याओं के निराकरण के लिए महापौर अल्का बाघमार मोर्चे पर हैं। उन्होंने तय किया है कि 24 जुलाई से वे हर दिन सुबह 7 शहर के किसी एक वार्ड में पहुंचेंगी, वहां की समस्याएं सुनेंगे। कोशिश किया जाएगा कि तत्काल या फिर 7 दिन के भीतर समस्या का निराकरण किया जाए। इस दौरान वार्ड के पार्षद, निगम के सभी जिम्मेदार वार्ड में मौजूद रहेंगे, जिस दिन वे किन्हीं कारणों से वार्ड में नहीं पहुंच पाएंगी, उस दिन वार्ड के पार्षद या कोई न कोई एमआईसी मेंबर वार्ड में पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुनेंगे। मंगलवार को इसे लेकर महापौर ने अधिकारियों के साथ बैठक की। इसके लिए निर्देशित भी किया।

### छोटी-छोटी परेशानियों के लिए नहीं काटने पड़ेंगे निगम के चक्कर

निगम महापौर के इस अभियान के शुरू होने से लोगों को छोटी-छोटी परेशानियों को लेकर निगम के चक्कर काटने नहीं पड़ेंगे। वे वार्ड में ही अपनी समस्याओं से महापौर को अवगत करा सकेंगे। महापौर ने बैठक में कहा कि वार्डों में चल रहे सभी कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण किया जाए। समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उनका त्वरित समाधान प्राथमिकता पर किया जाए। टैक्स न चुकाने वालों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। सफाई के कामों में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों से काम नहीं लेने की हिदायत दी। बैठक में एमआईसी सदस्य देवनारायण चंद्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, नीलेश अग्रवाल, ईई दिनेश नेताम, आरके जैन, संजय ठाकुर सहित अन्य मौजूद थे।



### न्यू आदर्श नगर में लचर सफाई देख जताई नाराजगी

मेयर अलका बाघमार ने न्यू आदर्श नगर में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। लचर व्यवस्था देखकर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने सड़क की सफाई और नालियों की निकासी के निर्देश दिए। मेयर ने कहा कि सड़क और नालियों में कचरा नजर आने पर उस वार्ड के सुपरवाइजर और सफाई कर्मियों पर कार्रवाई की जाएगी। कब्जा होने पर हटाने के निर्देश दिए।

### जनता की सुविधा के लिए निर्णय

जनता की सुविधा के लिए यह निर्णय लिया गया है। हर दिन हर एक वार्ड, समय सुबह 7 बजे। कोशिश रहेगी कि 7 दिन के भीतर समस्या का निराकरण कर लिया जाए। वार्डों की सफाई व्यवस्था में विशेष रूप से ध्यान दिया जाएगा।

**-अलका बाघमार**, महापौर नगर निगम दुर्ग

## खबर संक्षेप



### गणेश मंदिर रिसाली में प्राण प्रतिष्ठा, पहुंचे विधायक

दुर्ग। ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सरस्वती कुंज रिसाली में आयोजित सिद्धि विनायक गणेश मंदिर में भगवान गणेश मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में विधायक ललित चंद्राकर शामिल हुए। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान गणेश की विधिवत पूजा-अर्चना कर नमन किया गया। चंद्राकर ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों के जनकल्याण, सुख-समृद्धि और सद्बुद्धि की कामना की। इस अवसर पर रिसाली मंडल अध्यक्ष अनुपम साहू, मरोदा पुरैना मंडल अध्यक्ष राजू राकेश जंघेल, संध्या साहू, शैलेंद्र साहू सहित अन्य मौजूद थे।

### कृषि विभाग की बैठक में हरी खाद के उपयोग पर जोर



दुर्ग। छत्तीसगढ़ राज्य कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष सुरेश कुमार चंद्रवंशी दुर्ग जिले के प्रवास के दौरान कृषि एवं संबंधित विभागों के जिला अधिकारियों की सर्किट हाउस में बैठक ली। बैठक में दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव भी सम्मिलित हुए। बीज खाद की उपलब्धता, विभिन्न विभागीय योजनाओं की समीक्षा की गई। कृषि एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को विभागीय योजनाओं से कृषकों को अधिकाधिक लाभान्वित कराने के निर्देश दिये गए। हरि खाद के उपयोग पर जोर दिया गया। विधायक गजेन्द्र यादव ने कहा कि कृषकों को डीएपी खाद के उपयोग कम करने के साथ ही नैनो डीएपी अथवा यूरिया, सुपरफास्फेट, पोटाश एवं अन्य उपलब्ध मिश्रित उर्वरक का प्रयोग करने की सलाह दी जाए। श्री चंद्रवंशी के सर्किट हाउस पहुंचने पर विभागीय अधिकारियों ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर संभागीय संयुक्त संचालक कृषि गोपिका गबेल, जिला विपणन अधिकारी भौमिक बघेल, बीज निगम के अधिकारी एसके बेहरा, सहकारी बैंक के अधिकारी हृदेश शर्मा, उप संचालक मत्स्य सीमा चन्द्रवंशी सहित कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### विकास कार्यों की स्वीकृति महापौर ने जताया आभार

दुर्ग। नगर पालिक निगम दुर्ग की महापौर अलका बाघमार ने शहर के विकास कार्यों के लिए स्वीकृत राशि को लेकर उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के प्रति आभार व्यक्त किया। महापौर ने एमआईसी सदस्यों और पार्षदों के साथ मंत्री श्री साव के निवास पर सौजन्य भेंट कर नगर के प्रति उनकी संवेदनशीलता और सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। महापौर ने कहा कि मंत्री श्री साव द्वारा दिए गए सहयोग से शहर के अधूरे कार्यों को गति मिलेगी और आम नागरिकों को शीघ्र सुविधाएं प्राप्त होंगी।

**भिलाई-तीन, जामुल, नेहरूनगर, सेलूद चौक, धमधा, मिनीमाता चौक पुलगांव में दिया धरना**


# ईडी की कार्रवाई के विरोध में कांग्रेसियों ने दो घंटे रोके रखा स्टेट और नेशनल हाईवे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई/दुर्ग

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की गिरफ्तारी और ईडी द्वारा लगातार की जा रही छापामारी के विरोध में कांग्रेसियों ने मंगलवार को जिले के 6 जगहों पर धरना दिया। इस दौरान स्टेट और नेशनल हाईवे को दो घंटे से ज्यादा समय के लिए जाम किया गया। हालांकि एंबुलेंस और अन्य जरूरी सेवाओं को बाधित नहीं होने दिया गया। कांग्रेस का यह प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा। नेशनल हाईवे पर चक्काजाम की वजह से मुंबई-हावड़ा हाईवे पर लंबा जाम लग गया। भिलाई-तीन से पहले भी वाहन कतारबद्ध रहे।

इधर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सुबह करीब 12 बजे धरना शुरू किया, वे दोपहर 2 बजे मौके से हट। इस दौरान जमकर शासन-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की गई। प्रदर्शन के दौरान पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व विधायक अरुण वोरा, पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल, अध्यक्ष राकेश ठाकुर सहित अन्य मौके पर जमे रहे। भिलाई में नेहरूनगर में अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, महापौर नीरज पाल के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में भी सड़क पर बैठकर ईडी के खिलाफ नारेबाजी की गई।

**चक्काजाम की वजह से मुंबई-हावड़ा हाईवे पर लगा लंबा जाम**





### दुर्ग में पुलगांव चौक में प्रदर्शन, पूर्व मंत्री ताम्रध्वज भी पहुंचे



दुर्ग। पुलगांव स्थित मिनी माता चौक में कांग्रेस ने हल्लाबोल किया। इस दौरान जमकर नारेबाजी की गई। ताम्रध्वज साहू ने कहा कि देश में अराजकता का माहौल है। इसके लिए सीधे तौर पर भाजपा का कुशासन जिम्मेदार है। किसी भी सही विषय को उठाने पर भाजपा विपक्षी नेताओं के घर ईडी भेज कर दबाव डालने की कोशिश कर रही है। यहां तक जेल में डालने से बाज नहीं आ रही है। हमारे नेता भूपेश बघेल पर भी दबाव की राजनीति की जा रही है। उनके बेटे को साजिश में फंसाकर ईडी ने हिरासत में लिया है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि प्रदेश में भाजपा के कुशासन से जनता त्रस्त हो चुकी है। जनता में अभी से बदलाव की लहर है। सरकार के मंत्री, विधायक, नेता विलासिता भोगने में व्यस्त हैं। विरोध करने वालों को डराया-धमकाया जा रहा है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### सेलूद चौक, सिरसा गेट में उग्र प्रदर्शन, पुलिस ने हटाया

भिलाई। ईडी के खिलाफ मिनीमाता चौक पुलगांव में कांग्रेस ने प्रदर्शन किया। ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर के नेतृत्व में सिरसा गेट भिलाई 3, सेलूद चौक पाटन, जामुल एसीसी बोगदा, बेमेतरा रोड महामाया गेट धमधा में प्रदर्शन किया गया। जिले के प्रभारी गिरीश देवांगन, प्रदेश महामंत्री राजेंद्र साहू, जितेंद्र साहू, महापौर शशि सिन्हा, पूर्व महापौर आरएन वर्मा सहित अन्य मौजूद थे। राकेश ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस हर मोर्चे पर प्रदर्शन करेगी। भाजपा में देश में लोकतंत्र की हत्या की साजिश रच रही है। प्रदर्शन के दौरान महापौर निर्मल कोसरे, कृष्णा चंद्राकर, सुजीत बघेल, प्रदीप चंद्राकर, रिवेंद्र यादव सहित अन्य मौजूद थे।



### बरसते पानी में सेलूद चौक पर कांग्रेस का चक्काजाम



सेलूद। मंगलवार को सेलूद में भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मूसलाधार बारिश के बावजूद दुर्ग-पाटन-धमतरी मार्ग पर बजरंग चौक के पास चक्काजाम किया। बारिश में भीगते हुए कांग्रेस कार्यकर्ता ईडी के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए सड़क पर डटे रहे। नारेबाजी करते कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार की नीतियों को जनविरोधी बताया और कहा कि जब तक आवाज नहीं सुनी जाती, तब तक सड़कों पर संघर्ष जारी रहेगा। अडाणी भगाओ लोकतंत्र बचाओ जैसे नारे लगाए गए। इस अवसर पर पूर्व ओएसडी आशीष वर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र वर्मा, जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र चंद्रवंशी, अशोक साहू, जवाहर वर्मा, अश्वनी साहू, जयश्री वर्मा, पुरुषोत्तम तिवारी, अजय सिंगोर, दिनेश साहू, आनंद बघेल, रूपेंद्र शुक्ला, युगल किशोर आडील, सालिक साहू सहित अन्य मौजूद थे।

### धमधा में सरकार के विरोध में उतरी कांग्रेसी, की आर्थिक नाकेबंदी



धमधा। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में प्रदेश रूपी आर्थिक नाकेबंदी चक्काजाम किया गया। जिला महामंत्री राजीव गुप्ता ने बताया कि केंद्र में मोदी और शाह और राज्य के कुशासन की मिली जुली जुगलबंदी के माध्यम से हमारे सभी वरिष्ठ नेताओं के ऊपर गलत आरोपों के तहत ईडी की कार्यवाही करवाई जा रही है, जो कि निंदनीय और पूरे लोकतंत्र के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। अध्यक्ष शिवकुमार वर्मा ने बताया कि दो सालों में अपने हर वादों में खरा उतर नहीं पाई है। जंगलों को उद्योगपतियों को बेचा जा रहा है। इस अवसर पर शमसीर कुरैशी, प्रहलाद यादव, जितेंद्र वर्मा, मधुसूदन राणा, महेश कौशल, अनिल साहू, गंगाधर निषाद, जीवन निर्मलकर कामदेव साहू सहित अन्य मौजूद थे।

## एसडीएम की निगरानी में होगा तालपुरी बी ब्लॉक एसो. की कार्यकारिणी का चुनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



तालपुरी बी ब्लॉक रेसिडेंट्स एसोसिएशन का चुनाव कलेक्टर दुर्ग द्वारा नामित अनुविभागीय अधिकारी की निगरानी में होगा। यह आदेश छत्तीसगढ़ वाणिज्य एवं उद्योग विभाग की उपसचिव रेना जमील ने जारी किया है। बता दें कि छत्तीसगढ़ फर्म्स एवं संस्थाएं के रजिस्ट्रार रितेश कुमार अग्रवाल ने 29 अप्रैल 2025 को एसोसिएशन के चुनाव को अमान्य ठहराते हुए उसे तीन महीने के भीतर नए सिरे से चुनाव कराने का आदेश जारी किया था। यह मोहलत 28 जुलाई को खत्म हो रही है, लेकिन अब तक चुनाव की प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी है। इसके बाद 16 जुलाई को एक नया आदेश जारी हुआ, जिसमें एसडीएम की निगरानी में चुनाव कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं। एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सुनील कुमार चौरसिया ने कहा कि चुनाव की नई तारीख घोषित नहीं की गई है। नए आदेश में स्पष्ट नहीं किया गया है। उम्मीद है, चुनाव जल्द होंगे।

### तिरगा में किसानों को अरहर बीज का वितरण, दलहन को बढ़ावा देने सुझाव



दुर्ग। ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत ग्राम तिरगा में किसानों को अरहर बीज का वितरण किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को गुणवत्ता पूर्ण बीज उपलब्ध कराना और दलहन फसल को बढ़ावा देना है इस अवसर पर जनपद सदस्य दामिनी मुकेश साहू की विशेष उपस्थिति रही। जहां पर किसानों से संवाद करने पर पता चला की खाद की कमी से अभी भी किसानों को भटकना पड़ रहा है। उन्होंने शासन प्रशासन से अपील की है की जल्द से जल्द जहां भी खाद की कमी है। उसे पूरा किया जाए और किसानों को खाद उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए कई प्रकार की योजना सरकार द्वारा चलाई जाती है, लेकिन जानकारी के आभाव में इसका लाभ किसान नही उठा पाते है। मौके पर सरपंच घसियाराम देशमुख, रमेश कुमार साहू, राजेश्वर बेहरा, भोथली से देवीलाल साहू, कलीराम साहू, रमेश कुमार साहू, नुपेंद्र कुमार साहू आदि मौजूद थे।

## विद्यार्थियों ने किया रेन वाटर हार्वेस्टिंग मॉडल का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय के भूगर्भशास्त्र विभाग में जल संरक्षण के प्रति विद्यार्थियों के मन में भाव जागृत करने एवं सामाजिक जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से विद्यार्थियों द्वारा वर्षा जल संचयन अर्थात रेन वाटर हार्वेस्टिंग पर केन्द्रित बड़ी संख्या में वर्किंग एवं स्थैतिक मॉडल तैयार किए गए। भूगर्भशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ. एसडी देशमुख ने बताया कि वर्षा जल संचयन प्रणाली को आम जनता तक पहुंचाने के लिए विद्यार्थियों द्वारा ये मॉडल तैयार किए गए है। इन मॉडल को समय समय पर दुर्ग-भिलाई के विद्यालयों एवं महाविद्यालय के विद्यार्थियों को प्रदान किया जायेगा। जिससे वे अपने-अपने शैक्षणिक संस्थानों में वर्षा जल संचयन के बारे में सभी को जागरूक कर सके।

■ राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 : सामाजिक सरोकार योजना



भूगर्भशास्त्र के प्राध्यापक डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने बताया कि रेन वाटर हार्वेस्टिंग मॉडल निर्माण के दौरान विद्यार्थियों उसके प्रणाली तथा उसकी कार्यविधि एवं उससे संबंधित सावधानियों के विषय में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। स्नातक स्तर के विद्यार्थियों ने रेन वाटर हार्वेस्टिंग पर केन्द्रित प्रोजेक्ट रिपोर्ट भी विभाग में जमा की। डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत विद्यार्थियों में सामाजिक सरोकार की भावना जागृत करने एवं उनके कौशल विकास से संबंधित मुद्दे के क्रियान्वयन के लिए यह गतिविधि आयोजित की गई।

### 65% जल व्यर्थ बह जाता है

शोध के अनुसार वर्षा का जल 65 प्रतिशत हिस्सा सतह पर बहकर नदी, नालों द्वारा समुद्र में चला जाता है। इससे किसी भी स्थान पर भूमिगत जलस्तर में वृद्धि नहीं हो पाती यही कारण है, कि वर्षा के जल को रोककर उसे वर्षा जल संचयन प्रणाली की सहायता से भूमिगत जल भण्डारण में वृद्धि करने की आवश्यकता है। छत्तीसगढ़ में धान के खेत वर्षा के जल संचयन हेतु सबसे उत्तम साधन है।

## अस्पताल में बंद पड़ी लैंडलाइन सेवा फिर शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला अस्पताल में ठप पड़ी आपातकालीन टेलीफोन नंबर की सेवा फिर शुरू हो गई है। कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देश पर आपातकालीन वार्ड 0788-2320104 और डिलीवरी वार्ड में 0788-2211980 नंबर जारी किया गया है। तीन दिन पहले पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी का प्रतिनिधिमंडल कलेक्टर से मिला ता। उन्हें 15 सूत्रीय मांगपत्र सौंपा गया था। बाकलीवाल ने उन्हें अवगत कराया था कि जिला अस्पताल में सुविधाओं से मरीजों और उनके परिजनों को वंचित होना पड़ रहा है। इसके बाद प्रशासन ने टेलीफोन की सेवा शुरू की है। ताकि मरीजों को समय पर सही जानकारी उपलब्ध हो सके।



### व्यवस्था दुरुस्त करने कलेक्टर ने दिया आश्वासन

ज्ञापन सौंपने के दौरान जीवनदीप समिति के पूर्व कार्यकारिणी सदस्य दुष्यंत देवांगन ने जिलाधीश का ध्यान अन्य स्वास्थ्य सेवाओं पर भी आकर्षित कराया। इसके बाद कलेक्टर ने सीएमएचओ और सीएस को व्यवस्था सुधार के लिए निर्देशित कियाा है। इस जनहितैषी कदम के लिए कांग्रेस के सभी सदस्यों ने कलेक्टर का आभार व्यक्त किया।

**उपलब्धि : रिसामा में बिहान योजना से जुड़ महिला बनीं सशक्त, दूसरों को भी रोजगार से जोड़ा**

# पीएम आवास में सेंट्रिंग प्लेट उपलब्ध कराकर लखपति बनी खेमीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

दुर्ग ब्लॉक के ग्राम रिसामा निवासी खेमीन पति हेमंत निर्मलकर दूसरी महिलाओं के लिए मिसाल बन गई है। उसने सेंट्रिंग प्लेट का काम शुरू किया और आज वह लाखों रुपए कमा रही है। वह खुद से आर्थिक रूप से मजबूत बनी, वहीं दूसरी महिलाओं को भी रोजगार से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया। वर्तमान में ग्रामीण प्रधानमंत्री योजना आवास के अंतर्गत सेंट्रिंग प्लेट की सप्लाई कर रही है। छग राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत संचालित कल्याणी स्व सहायता समूह की सचिव है। वे स्व सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं के लिए एक मिसाल बनकर उभरी हैं। खेमीन निर्मलकर बताती हैं कि ग्राम में मजदूरी का कार्य करती थी। उनके पति मिस्त्री के रूप में काम करते थे, जिससे उन्हें 8 हजार रुपए मासिक आमदनी होती थी। अपने पति से समूह के माध्यम से ऋण लेकर नया व्यवसाय करने और अपनी आमदनी को बढ़ाने की योजना बनाई। इसके लिए समूह के माध्यम से 2.50 लाख रुपये बैंक लोन एवं 1 लाख रुपए स्वयं का लगाकर 2000 वर्गफीट सेंट्रिंग प्लेट खरीदा। वित्तीय वर्ष 2024-25 में ही स्वयं की आमदानी से 1 हजार वर्गफीट सेंट्रिंग प्लेट और खरीदा। इससे वह अब तक 150 से ज्यादा आवासों में काम पर लगा चुकी हैं। लाखों रुपए की आमदनी अर्जित कर चुकी हैं।

■ सेंट्रिंग के कारोबार में कमा रही लाखों

### एक साल में साढ़े 3 लाख रुपए से ज्यादा की आमदनी हो चुकी

खेमीन बताती हैं कि 1000 वर्गफीट सेंट्रिंग प्लेट लगाए जाने पर 27000 रुपए की आमदनी प्राप्त होती है। इसमें से मजदूरी, ट्रांसपोर्टिंग, रखरखाव इत्यादि में कुल 15000 रुपए व्यय होता है। 12000 रुपये की शुद्ध आय प्राप्त होती है। इसी प्रकार 3000 वर्गफीट की सेंट्रिंग प्लेट लगाए जाने पर कुल 36000 रुपये की शुद्ध आय होती है। दो माह जुलाई व अगस्त में कार्य प्रभावित रहता है। इस प्रकार कुल 10 माह में निरंतर आमदनी प्राप्त होती रहती है। इससे वार्षिक आय लगभग 360000 रुपए हैं।



### आसपास के गांव में हर काम में उसके सेंट्रिंग की डिमांड

खेमीन ने बताया कि दुर्ग के ग्राम चंदखुरी, उतई, घुघसीडीह, रिसामा, मचांदूर, कुकरैल, अण्डा, चिरपोटी के साथ-साथ आसपास के अन्य ग्रामों में एवं जिला बालोद के ओटेबंद, सुखरी, पागरी के आस-पास के ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास व निजी निर्माण कार्यो के लिए सेंट्रींग उपलब्ध कराया जा रहा है। उसका लक्ष्य है कि और 5 हजार वर्गफीट से ज्यादा की सेंट्रिंग खरीदे। इसके लिए उसके द्वारा प्रयास किया जा रहा है। वह अन्य महिलाओं को भी इस कार्य के लिए प्रेरित कर रही है।

## बच्चों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने किया पौधारोपण, मनाई हरेली




भिलाई। मां सरदा पब्लिक स्कूल में पौधरोपण और हरेली जागर का आयोजन किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में पवन शर्मा, नरेंद्र बंछोर, तुषार सिंह, परविंदर सिंह, आशा साव और संजुरेखा सारंगी द्वारा पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर वीणा साहू, लोकेश्वरी भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का समन्वय अधिरानी घोष एवं एस. के. पांडे द्वारा किया गया। वृक्षारोपण के बाद हरेली जागर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मा सरदा पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा सुंदर प्रस्तुतियां दी गईं। इस अवसर के मुख्य अतिथि पार्षद सीजू एंथनी सपत्निक उपस्थित थे। इस दौरान सीजू ने कहा कि माँ सरदा एवं विवेकानंद हाउस के द्वारा शाला में वंचित वर्ग के बच्चों को कम शुल्क में तथा अत्यंत गरीब विद्यार्थियों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान किया जा रहा है, जो कि सराहनीय है।

# सड़क किनारे और नाले पर अतिक्रमण कर ठेला लगाने वालों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नेहरू नगर चौक पर नाली के ऊपर अवैध कब्जा, सुपेला मार्केट एवं आकाशगंगा मार्केट में प्रस्तावित पार्किंग स्थल से अवैध कब्जा, आकाशगंगा मार्केट के मोड़ पर चल रहे ठेले, होटल एवं गुपचुप वालों पर कार्रवाई की गई। इसके कारण यातायात एवं आवागमन बाधित हो रही थी। नेहरू नगर चौक पर नाली के ऊपर अवैध रूप से दुकान संचालित कर ताला चाबी निर्माता, गुमटी एवं ठेला द्वारा नाली जाम कर दिया था। अवैध दुकान संचालकों को बार-बार मना करने के बाद न मानने एवं प्राप्त शिकायत के आधार पर आज खाली कराया गया। इसी तरह सुपेला आकाशगंगा मार्केट के अंदर पार्किंग स्थल का निर्माण प्रस्तावित है। वहां अवैध ठेला स्थापित करके व्यापार किया जा रहा था, उसे हटाया गया। लक्ष्मी नगर सब्जी मंडी में भी पार्किंग स्थल प्रस्तावित है, जिसका निर्माण होना है। इससे पार्किंग की समस्या से मुक्ति मिलेगी।

## नेहरू नगर चौक के आसपास निगम ने चलाया अभियान, कब्जेधारियों को खदेड़ा



### कब्जा कर किया जा रहा था कारोबार निगम ने थमाया नोटिस

जानकारी के मुताबिक उक्त क्षेत्र में अवैध कब्जा करके व्यापार किया जा रहा था। निगम से इस मामले में शिकायत हुई। इसके बाद निगम अमला मौके पर पहुंचा। स्थल से कब्जा हटाकर जगह को रिक्त कराया गया। राजस्थानी व्यापारियों की मांग पर पार्किंग स्थल प्रस्तावित किया गया है, जिससे सड़क पर खड़ी हो रही गाड़ियों से निजात मिले। लोगों का आवागमन सुगम हो। कार्रवाई के दौरान अजय शुक्ला, प्रसन्न तिवारी तोड़फोड़ दस्ता, प्रभारी हरिओम गुप्ता विनोद शुक्ला नंदू सिन्हा इमान सिंह कन्नौज, खेमलाल, राजेंद्र कुमार सिंह विष्णु सोनी आदि उपस्थित थे।

### पहले भी दी जा चुकी है हिदायत फिर भी कब्जा

अधिकारियों ने बताया कि कब्जेधारियों को पहले भी हिदायत दी गई थी, लेकिन उनके द्वारा कब्जा नहीं हटाया गया। इसके बाद मंगलवार को निगम के तोड़ूदस्ता ने मौके पर पहुंचकर कब्जा हटाने की कार्रवाई की। मुख्य रूप से ठेला-खोमचे वालों को मौके से हटाया गया। दोबारा कब्जा करने पर जुर्माना कार्रवाई की चेतावनी दी गई। बता दें कि नेहरूनगर जोन कार्यालय द्वारा हर मंगलवार कार्रवाई की जा रही है।

## खबर संक्षेप



### शहर के गार्डनों में चलेगा पौधारोपण अभियान

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई के सभी जोन क्षेत्र के उद्यानों की साफ-सफाई कार्य निरंतर जारी है। पर्यावरण संरक्षण एवं उद्यानों को हरा-भरा रखने गाजर घांस, अनावश्यक फैले शाखाओं की कटाई-छटाई कराया जा रहा है। जिससे उद्यानों के रिक्त स्थलों पर वृक्षारोपण किया जा सके। उद्यान विभाग में कार्यरत प्लेसमेंट/नियमित कर्मचारी उद्यान अधिकारी एवं सहायक उद्यान अधिकारी के निर्देशानुसार कार्य कर रहे है। बरसात के दिनों में पर्यावरण के अनुकूल एवं प्रजातिवार पौधे रोपित किया जा रहा है। डिवाइडरो में भी शोभायमान एवं फूलदार पौधे लगाए जा रहे है, जिससे शहर की सुन्दरता को बरकरार रखा जा सके। महापौर नीरज पाल एवं आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने शहर के समाजसेवी संस्थाओ, समितियों एवं आम नागरिको से अपील किए है कि उद्यान विभाग के नर्सरी में पौधे उपलब्ध है। अधिकारी के नाम से आवेदन कर पौधे प्राप्त कर सकते है और अपने घरो, गली-मोहल्लो जहां भी रिक्त स्थल है, वहां पौधे लगाकर उसकी सुरक्षा स्वयं के देखरेख में कर सकते है। पर्यावरण प्रेमियों के लिए यह बहुत ही अच्छा मौका है, पर्यावरण से जुड़कर कार्य करें और हरियाली बनाए रखने में अपना सहयोग प्रदान करें।

### लूटपाट करने वाले तीन युवक गिरफ्तार

भिलाई। मोबाइल लूटपाट करने वाले तीन युवक व एक अपचारी बालक को पुलिस ने पकड़ा है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि ग्राम कोड़िया नंदिनी निवासी किशन निर्मलकर 20 जुलाई की शाम बाइक से पिताजी को लेने हथखोज भिलाई 3 जा रहा था। इस दौरान सुरडुंग रोड शासकीय स्कूल के पास पहुंचते ही बाइक सवार युवकों ने रोककर पीड़ित पर चाकू टिका दिया। पीड़ित से आरोपियों ने मोबाईल, पर्स से ढ़ाई हजार रुपए लूटकर फरार हो गए। शिकायत के बाद पुलिस ने सूचना मिलते ही संदेहियों की तलाश में जुट गई। सीसी कैमरों को खंगालने पर हुलिया को पीड़ित ने पहचान लिया।

## महारत्न की अन्य कंपनियों से वेतन है कम, चुनौतियां अधिक

# सेल में बढ़ रहा ग्रेन डेन, बीएसपी में अधिकारियों का पलायन सर्वाधिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

देश की सबसे बड़ी सार्वजनिक इस्पात कंपनी सेल (स्टील अथारिटी आफ इंडिया लिमिटेड) के अधिकारियों को अन्य पीएसयू से कम वेतन होने का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। कम वेतन के कारण सेल के अधिकारी अन्य कंपनियों में पलायन के लिए मजबूर हो रहे हैं। भिलाई इस्पात संयंत्र से नौकरी छोड़कर जाने वालों की तादाद सेल में सर्वाधिक है।

उल्लेखनीय है कि सेल सहित दर्जनभर से अधिक सार्वजनिक उपक्रमों को भारत सरकार ने महारत्न का तमगा दे रखा है। लेकिन वेतन को लेकर सेल के साथ भेदभाव किया जा रहा है। गेल,भेल, ओएनजीसी आदि सार्वजनिक महारत्न कंपनियों की तुलना में सेल में कार्मिकों और अधिकारियों को वेतन व सुविधाएं कम हैं। अधिकारी संगठनों द्वारा पिछले कई सालों से पीएम व इस्पात मंत्री से लेकर सेल चेयरमेन से वेतन और सुविधाएं बढ़ाने की मांग की जा रही है लेकिन अब तक इस ओर ध्यान नहीं दिए गया है। इसका चौतरफा नुकसान हो रहा है। सबसे बड़ा नुकसान ग्रेनडेन का है। यानी कम वेतन के चलते सेल से क्रीम प्रतिभाओं का पलायन बढ़ रहा है। पिछले दस साल के दौरान सेल के दो से तीन हजार अधिकारी व डिप्लोमा इंजीनियर आदि नौकरी छोड़कर अन्य महारत्न या मल्टीनेशनल कंपनियों में ज्वाइन कर चुके हैं। इनमें सबसे ज्यादा करीबन दो सौ से अधिक अधिकारी व डिप्लोमा इंजीनियर बीएसपी के हैं। कम वेतन की उपेक्षा झेल रहे अधिकारियों को अन्य महारत्न कंपनियों की अधिक सेलरी और सुविधाएं इन्हें आकर्षित कर रही हैं। सेक्टर नौ हास्पिटल में डाक्टरों के जाने व ज्वाइन नहीं किए जाने की वजह कम वेतन है। बीएसपी ओए व सेफी चेयरमेन एनके बंछोर बताते हैं कि सेल मेंवर्ष 2003 के बाद अधिकारियों का पलायन का प्रतिशत कम हुआ है लेकिन अधिकारियों के मन में सरकार द्वारा चौथा पे रिवीजन कमेटी अब तक गठित नहीं किए जाने की बात है। वेतन बढ़ाने कमेटी जल्द गठित करने की जरुरत है।

### नहीं मिलता माइंस एलाउंस



### सेल में अफोर्डेबिलिटी क्लाज है ब्रेकर

सेल में अधिकारियों के वेतन स्ट्रक्चर को लेकर सरकार का नियम अफोर्डेबिलिटी क्लाज का है। इसके अनुसार लगातार तीन साल कंपनी के निर्धारित मानक के अनुरुप प्राफिट होने पर ही वेतन बढ़ाया जाएगा। पिछले कई साल से स्टील अथारिटी आफ इंडिया सेल इस स्थिति में नहीं पहुंच पाया है। 2021 में सेल में वेतन जरुरु बढ़ाया गया है लेकिन आज भी ओएनजीएसी( इंडियन आंयल एंड नेचुरल गैस कारपोरेशन) और गेल ( गैस अथारिटी आफ इंडिया लिमिटेड) जैसी अन्य महारत्न कंपनियों से सेल में अधिकारियों का वेतन व सुविधाएं कम हैं।

### सुविधाएं कम चुनौतियां अधिक

सेल में वेतन सुविधाओं कम होने के अलावा चुनौतियां अधिक हैं। अधिकारियों व डिप्लोमा इंजीनियरों के नौकरी छोड़कर जाने की एक वजह यह भी है। रेगुलर डिप्लोमा इंजीनियर का वेतन मात्र 60 से 65 हजार है। जबकि अन्य में 75 हजार से अधिक है। फिर सेल में अधिकारियों के सामने चुनौतियां अधिक हैं। हार्ड वर्किंग होने के साथ प्रमोशन कवरेज भी कम हैं। आउटसोर्सिंग बढ़ने से निजीकरण की तलवार लटकने से जांब सिक्योरिटी कम है। मेडिक्लेम की विसंगित है। फेरो स्करेप निगम लि. का निजीकरण सामने हैं। बीएसपी राउरकेला आदि में मेडिकल सुविधा में गिरावट आई है। फेरोस्क्रेप निगम लिमिटेड का निजीकरण ताजा उदाहरण है।

### चौथा पे रिवीजन कमेटी गठित होने से बढ़ेगा मनोबल

“ सेल में वर्ष 2021 में वेतनमान बढ़ने के बाद वेतन थोड़ा ठीक हुआ है लेकिन कुछ महारत्न कमंपनियों से अभी भी कम है। 2027 में चौथा पे रिवीजन होना है लेकिन अब तक सरकार ने पे रिवीजन कमेटी का गठन नहीं किया है। कमेटी जल्द गठित होने पर प्राफिट के हिसाब से वेतन बढ़ने से सेल कार्मिकों व अधिकारियों का मनोबल बढ़ेगा।

**एनके बंछोर,**
अध्यक्ष , बीएसपी ओए व सेफी

# एफएलएन के अंतर्गत ऑफलाइन प्रशिक्षण से पूर्व प्रत्येक शिक्षक को करना होगा15 अभ्यास कार्य : घृतलहरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के सबसे बड़े शिक्षा संस्थान, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट बेमेतरा के प्राचार्य जे के घृतलहरे ने जिले के चारों विकासखंड शिक्षा अधिकारियों एवं विकासखंड स्त्रोत समन्वयकों को पत्र लिखकर कहा है कि एफएलएन नवीन पाठ्य पुस्तकों पर आधारित प्राथमिक शाला के शिक्षकों को नवीन पाठ्य पुस्तकों पर विकास खंड स्तर पर ऑफलाइन प्रशिक्षण दिया जाना है। इसके लिए उन्हें पांच दिवसीय ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

अब विकासखंड स्तर पर ऑफलाइन प्रशिक्षण दिया जाना है। अतः आफलाइन प्रशिक्षण के पूर्व शालाओं में प्रत्येक शिक्षकों को अपने विद्यालय में पांच दिवसीय असाइनमेंट दिनांक 22 जुलाई से प्रदान किया जावे। इसके लिए उन्हें 25 अभ्यास कार्य प्रदान किये गए हैं। जिनमें से प्रत्येक शिक्षक को 15 अभ्यास कार्य अनिवार्य रूप से किया जाना है। साथ ही शिक्षकों के इस कार्य एवं वीडियो को अनिवार्य रूप से विकासखंड स्तरीय व्हाट्सएप ग्रुप में प्रेषित करने कहा गया है। इस दौरान सभी शिक्षकों को असाइनमेंट दिया जाएगा। जिससे विद्यालय में कार्य करते हुए शिक्षक इस अभ्यास कार्य को करेंगे एवं असाइनमेंट तैयार करेंगे। प्राथमिक कक्षा के शिक्षकों के लिए दैनिक शिक्षक के दौरान कक्षाओं में किया जाने वाले अभ्यास कार्य के बारे में जानकारी देते हुए डाइट बेमेतरा के प्राचार्य जे के घृतलहरे ने बताया कि प्रारंभिक कक्षा पहली से तीसरी के लिए नई पाठ्य पुस्तकों व कार्य पुस्तिकाओं के आधार पर अभ्यास कार्य दिया जा रहा है। इसमें भाषा व गणित शिक्षण के चार खंडीय मॉडल को ध्यान में रखा गया है। साथ ही कला और परिवेशी अवधारणाओं को भी शामिल किया गया है। प्रत्येक शिक्षक को न्यूनतम 15 अभ्यास कार्य अपने स्कूल में क्रियान्वित करने हैं। आपके स्कूल में जो पाठ्य सामग्री उपलब्ध है उससे जुड़े अभ्यास कार्य का चयन कर और पूर्व में दिए जा रहे इन अभ्यास को अपने दैनिक शिक्षण में लागू करें। प्रत्येक शिक्षक को न्यूनतम 15 अनिवार्य रूप से अभ्यास कार्य करने हैं। इन स्कूल अनुभव पर आपके साथ सेवाकालीन प्रशिक्षण के दौरान चर्चा किया जाएगा। सभी अभ्यास कार्य एवं गतिविधियों को कक्षा में आयोजित करें और सकारात्मक अकादमिक विमर्श को प्रोत्साहित करें।

# रिसाली के 4 वार्ड में टैक्स वसूलना था 2.06 करोड़, हो रही थी 1.63 करोड़ की वसूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

रिसाली निगम क्षेत्र में इन दिनों कर पुनर्निधारण के लिए सर्वे हो रहा है। इस दौरान बड़ी लापरवाही सामने आई है। चार वार्डों में 43 लाख रुपए के कर की बढ़ोत्तरी हुई है।

सर्वे के दौरान पता चला कि करदाताओं द्वारा 1.63 करोड़ रुपए टैक्स के रूप में जमा किया जा रहा है। जबकि टैक्स का वसूली 2.06 करोड़ रुपए होनी चाहिए। आयुक्त मोनिका वर्मा के निरीक्षण के दौरान यह बात सामने आई। उन्होंने पुनर्निधारण कार्य करने वाली टीम से इस बारे में जानकारी ली। व्यावसायिक और आवासीय गणना की जांच की। खास बात यह है कि अब तक 4 वार्डों के पुनर्निधारण के बाद राजस्व लक्ष्य में 43 लाख की बढ़ोत्तरी हुई है।

आयुक्त मोनिका वर्मा के निर्दश पर निगम क्षेत्र के आवासीय और व्यवसायिक भवनों का संपत्तीकर का पुनर्निर्धारण किया जा रहा है। वार्ड 28 शक्ति विहार रिसाली क्षेत्र स्थित सिन्हा टाइपिंग गली में चल रहे कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने न केवल गणना फार्म की सूक्ष्मता से जांच की, बल्कि आवास और दुकानों की नाप को ध्यान से देखा।

# लोलेसरा में आज मनाया जाएगा मानस हरेली पर्व

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं में विशिष्ट स्थान रखने वाला हरेली पर्व इस वर्ष ग्राम लोलेसरा में अद्वितीय भक्ति और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस पावन अवसर पर श्री गुरु पद सत्संग सेवा समिति, लोलेसरा के तत्वावधान में मां भद्रकाली जिला मानस संघ के निर्देशन में विशाल मानस हरेली महापर्व का दिव्य आयोजन किया गया है। हरेली पर्व को छत्तीसगढ़ में कृषि आरंभ का प्रतीक माना जाता है, और इसे वर्ष का पहला पर्व होने का गौरव प्राप्त है। इस दिन किसान अपने खेती-बाड़ी के औजारों की पूजा करते हैं एवं प्रकृति पूजन की परंपरा निभाई जाती है। इसी श्रृंखला में धर्म, अध्यात्म और लोक संस्कृति के समागम को दर्शाते हुए लोलेसरा ग्राम में मानस भक्ति की गंगा बहेगी। इस कार्यक्रम में जिले की सभी तहसीलों से पंजीकृत मानस मंडलियां अपनी भावपूर्ण प्रस्तुतियां देंगी। आयोजक समिति के गजेंद्र वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि रामचरितमानस में वर्णित ऋतुचरित्र, देव लीलाओं एवं मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों का सजीव चित्रण विद्वान वक्ताओं एवं मानस मंडलियों के माध्यम से किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर ग्रामवासियों सहित क्षेत्रवासियों में भारी उत्साह है। साथ ही श्रद्धालुओं की उपस्थिति को लेकर विशेष तैयारी की गई है। मां भद्रकाली जिला मानस संघ के पदाधिकारीगण भी इस ऐतिहासिक आयोजन में आमंत्रित किए गए हैं।

# ओबीसी महासभा ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ओबीसी महासभा छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार मंगलवार को ओबीसी समाज के प्रतिनिधियों ने लंबित आरक्षण संशोधन विधेयक 2022 पर हस्ताक्षर करने की मांग को लेकर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा 2 दिसंबर 2022 को आरक्षण संशोधन विधेयक पारित कर राज्यपाल के अनुमोदन हेतु भेजा गया है, जिसमें अनुसूचित जनजाति को 32 प्रतिशत, अनुसूचित जाति को 13 प्रतिशत, अन्य पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को 4 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है।

प्रतिनिधियों ने बताया कि प्रदेश में ओबीसी की जनसंख्या बहुसंख्यक होने के बावजूद उन्हें अभी भी केवल 14 प्रतिशत आरक्षण ही प्राप्त है, जिससे समुदाय को समुचित शिक्षा और रोजगार के अवसर नहीं मिल पा रहे हैं।

इस अवसर पर ओबीसी महासभा जिला बेमेतरा के अध्यक्ष पंचम साहू, कार्यकारी अध्यक्ष रोमन लाल जायसवाल, उपाध्यक्ष नानक राम साहू, किसान संगठन के जिलाध्यक्ष रामसहाय वर्मा, घणाराम साहू, हरदेव साहू, गजेंद्र साहू, दीनू रजक, राकेश साहू, दिनेश गंगबेर, सह सचिव महेश्वर श्रीवास सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।

महासभा ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र विधेयक को मंजूरी नहीं दी जाती, तो चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया जाएगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।


## बिजनेस साइड

# सहेली ज्वेलर्स गांधी चौक दुर्ग में द बिगेस्ट गोल्ड चेन फेस्टिवल का लें आनंद



**दुर्ग।** सहेली ज्वेलर्स के गांधी चौक दुर्ग, सिविक सेंटर भिलाई और बीएसपी मार्केट रिसाली स्थित शो रुम में 11 जुलाई से शुरू हुए 'द बिगेस्ट गोल्ड चेन फेस्टिवल' में गोल्ड चेन की अद्भुत कलेक्शन ग्राहकों के लिए पेश किया गया है। 27 जुलाई तक चलने वाले इस 'द बिगेस्ट गोल्ड चेन फेस्टिवल' में सभी आभूषणों के मेकिंग चार्जेज 5.5% शुरू हैं इसके साथ ही गोल्ड और डायमंड ज्वेलरी पर 100% एक्सचेंज के साथ डायमंड ज्वेलरी मेकिंग चार्जेस पर 100% तक की छूट दी जा रही है।

उल्लेखनीय है कि सहेली ज्वेलर्स के तीनों शो रूम में ट्रेडिशनल और मॉडर्न डिजाइन के हैवी और लाइट वेट ज्वेलरी सोने, हीरे, चांदी सहित कुंदन, पोलकी, डायमंड, जड़ाउ, टेम्पल ज्वेलरी के मनमोहक और लेटेस्ट डिजाइन के आभूषणों के साथ शो रूम में चेन और मंगलसूत्र के आकर्षक और लेटेस्ट डिजाइन के साथ ही बैंगल्स, ब्रेसलेट, रिंग्स, नेकलेस आदि का संग्रह उपलब्ध है। इसके साथ ही 100 प्रतिशत आईजीआई प्रमाणित डायमंड, गोल्ड की शुद्धता को मापने के लिए कैरोटोमीटर की सुविधा ग्राहकों को दी जाती है। 'द बिगेस्ट गोल्ड चेन फेस्टिवल' में सभी प्रकार के पारंपरित और डिजाइनर चेन की खरीदारी के लिए सहेली ज्वेलर्स के गांधी चौक दुर्ग, सिविक सेंटर भिलाई और बीएसपी मार्केट रिसाली स्थित शो रुम में विजिट किया जा सकता है।


## निर्माण में भ्रष्टाचार और जनता के पैसों का दुरुपयोग का मामला

# पार्षदों की मांग पर निगम कमिश्नर ने बनाई जांच टीम, रिपोर्ट हफ्ते भर में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई नगर निगम अंतर्गत जोन 1 कार्यालय में अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे निर्दलीय पार्षदों का धरना दूसरे दिन समाप्त हो गया। उनकी मांग को देखते हुए भिलाई निगम के प्रभारी आयुक्त भागीरथी वर्मा ने एक जांच टीम बनाई। उन्होंने आश्वासन दिया कि टीम एक सप्ताह में जांच कर रिपोर्ट उन्हें देगी। जांच में गलत पाए जाने पर संबंधित पर कार्यवाही की जाएगी।

भिलाई नगर निगम के पार्षद हरिओम तिवारी ने बताया कि वो भिलाई नगर निगम द्वारा अच्छी गुणवत्ता वाले पुराने पोल को उखाड़कर घटिया क्वालिटी के नए पोल लगाए जा रहे हैं। उसमें केवल महापौर और विधायक का फोटो लगाकर उन्हें खुश करने का काम किया जा रहा है। पुराने पोल निकालने से पहले उनका भौतिक सत्यापन भी नहीं किया गया। इसके साथ ही भेलवा तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए 25 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति मिलने के बाद भी उसका टेंडर नहीं लगाया जा रहा है। नेशनल हाइवे के किनारे सुपेला क्षेत्र में जो नाली बनाई जा रही है, उसमें भी भ्रष्टाचार हो रहा है। नाली का ना तो सही बेस तैयार किया गया ना लेवलिंग की गई और न मानक के मुताबिक लोहे का रॉड लगाया गया है। धरने में दूसरे दिन वार्ड 2 की पार्षद चंदेश्वरी बांधे, वार्ड 6 पार्षद रवि शंकर कुर्रे, वार्ड 9 पार्षद पति राजू साहू और वार्ड 51 के पार्षद पति जितेंद्र बंजारे सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



### अधीक्षण अभियंता की निगरानी में जांच करेगी टीम

धरने पर बैठे पार्षदों को मनाने के लिए प्रभारी निगम आयुक्त भागीरथी वर्मा और जोन 1 के आयुक्त अजय राजपूत मंगलवार को पहुंचे। आयुक्त ने कहा कि वो निगम के अधीक्षण अभियंता की निगरानी एक जांच टीम तैयार करवाएंगे। दो दिन के अंदर टीम गठित हो जाएगी। इसके बाद टीम एक सप्ताह में तीनों मामले की जांच करके रिपोर्ट निगम आयुक्त को सौंपेगी। इस आश्वासन के बाद सभी पार्षदों ने अपना धरना समाप्त किया।

## पेज 11 के शेष

### एक पेड़ मां के नाम ...

का पौधा, जो औषधीय गुणों से भरपूर और वायुमंडल को शुद्ध करने वाला वृक्ष है, इस मुहिम के लिए विशेष रूप से चयनित किया गया। यह न केवल वातावरण को स्वच्छ बनाने में सहायक होता है, बल्कि भूमि की उर्वरता को भी बढ़ाता है।

सामूहिक संकल्प : हर व्यक्ति लगाए एक पेड़ अपनी मां के नाम

इस अवसर पर खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयालदास बघेल ने लोगों से आग्रह किया कि वे भी इस अभियान से जुड़ें और कम से कम एक पौधा अपनी मां के नाम पर अवश्य लगाएं। यह कदम न केवल भावनात्मक श्रद्धांजलि है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वस्थ और हरा-भरा भविष्य सुनिश्चित करने का संकल्प भी है। सभी ने मिलकर “हरियाली बढ़ाओ, मां का मान बढ़ाओ” का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। एक पेड़ मां के नाम” न केवल एक पौधारोपण कार्यक्रम है, बल्कि यह एक आंदोलन है, मातृत्व के प्रति श्रद्धा और पर्यावरण के प्रति संवेदना का। यदि हर व्यक्ति अपनी मां के नाम एक पेड़ लगाए, तो यह पृथ्वी और भावी पीढ़ियों के लिए सबसे सुंदर उपहार होगा।

### प्रार्थना में ...

शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा गंभीर लापरवाही बढ़ती जा रही है। और बिना कोई सूचना दिए या बिना आवेदन के संस्था में लगातार अनुपस्थित हो रहे हैं। जो एक गंभीर लापरवाही तो है ही साथ में गैर जिम्मेदाराना व्यवहार को भी प्रदर्शित करता है। ऐसे सभी अनुपस्थित शिक्षक शिक्षिकाओं को शोकाज नोटिस जारी किया जा रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी संस्था प्रमुखों को निर्देशित किया है कि सभी स्टाफ प्रार्थना के पूर्व विद्यालय में अपने उपस्थिति देवें। और इन निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाए। अन्यथा संस्था प्रमुख के ऊपर भी अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।


:: आम सूचना ::

आम जनता को इस सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार गुलमीर खां वल्द नामदार खां साकिन परपोड़ी के नाम पर ग्राम परपोड़ी में ख.नं. 682/2 रकबा 0.75हे. रही है जो मुनीर खान, आसिम खान, गुलशन बाई, शहीद खान, जावेद खान, संजिदा खान जानो बी, सखीना बी के द्वारा छलकपट कर अपने नाम पर नामांतरण करवाकर बिक्री का प्रयास कर रहे है जबकि उक्त ख.नं. दर्शित भूमि का बटांकन करा दिया गया है। उक्त ख.नं. दर्शित वादभूमि के संबंध में व्यवहार न्यायालय साजा में व्यवहार वाद क्र. 48/2023 लंबित है उपरोक्त सभी पक्षकार भी न्यायालय में उपस्थित होते है उन्हें प्रकरण की जानकारी है इस कारण यदि कोई व्यक्ति उपरोक्त ख.नं. 682/1 से 682/2, 682/3, 682/4, 682/8 उपरोक्त दर्शित व्यक्ति से क्रय करते है या क्रय इसे का करार करते है तो करार झूठा एवं उक्त बैनामा शून्य माना जावेगा।

अतएव उक्त सूचना जानिये ।

**दिनांक : 23.07.2025**

**फहीम शरीफ**
**अधिवक्ता, जिला न्यायालय बेमेतरा**
**मो.नं. 9907862018**
**वास्ते गुलमीर खान**
**ग्राम परपोड़ी जिला बेमेतरा (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप

### आवास की राशि के लिए भटक रही वृद्धा

**पटेवा।** ग्राम की वृद्ध कौशल्याबाई देवांगन अपने मृत पति स्व केजूराम देवांगन के नाम पर स्वीकृत राशि को अपने खाते में ट्रांसफर कराने कई महीनों से चक्कर लगा रही है। वृद्धा ने बताया कि नवम्बर 2024 में केजूराम आ गिरधर लाल के नाम पर प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत हुआ था। पहली किस्त में 40 हजार जारी कर दिया गया है। यह राशि को मृतक हितग्राही के खाते में जमा कर दिया गया है। पति की मौत के बाद जनपद पंचायत ने बैंक खाता का केवायसी कराने कहा था जिसे करा दिया गया है किन्तु अब तक मृत पति के नाम पर स्वीकृत राशि उसके खाते में ट्रांसफर नहीं हुई है। वृद्धा ने कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन देकर राशि दिलाने के लिए गुहार लगाया है।

### बढ़ रहा संक्रमण का खतरा

**मोहला।** जिले में खाद्य निरीक्षक तो तैनात है किन्तु उन्हे कोई भी जानता पहचानता नहीं है। होटल सहित अन्य व्यवसायियों ने भी निरीक्षक को नहीं देखा है। विभाग द्वारा अब तक की गई कार्यवाही से क्षेत्रवासी अनभिज्ञ है। वर्तमान में बारिश का सीजन है। होटल और खोमचों में असुरक्षित तरीके से खाद्य सामग्री बेचा जा रहा है जिससे संक्रमण का खतरा बढ़ रहा है इसके बाद भी विभाग बेपरवाह बना हुआ है।

### सड़क पर बारिश का पानी जाम

**मोहला।** जिला मुख्यालय के मुख्य मार्ग में बारिश होने पर जल भराव हो जाता है। परेशानी होने के बाद भी सड़क को दुरूस्त नहीं किया जा रहा है वहीं स्थानीय व्यापारी जल निकासी की अनदेखी कर मार्ग के खोदकर दुकान का विस्तार करते जा रहे है। विभागीय अधिकारी इन्ही मार्ग पर गुजरते हैं पर कार्रवाई करने से परहेज कर रहे है। गढ्डों में बारिक गिट्टी डाला जाता है जोबिखर कर सड़क को उबड़ खबड़ कर देती है पहलस्वरूप दो पहिया वाहन चालकों सहित अन्य को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

### जंगलपुर में मानस संगोष्ठी आयोजित

**सड़क अतरिया।** ग्राम जंगलपुर में तुलसी मानस प्रतिष्ठान ने गत दिनों मानस संगोष्ठी का आयोजन किया।पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। मानस कर्ताओं ने अपने विचार प्रस्तुत किया। इस दौरान मुकुंद मिश्रा, नोहरराम जंघेल, हीरूराम निषाद एवं आशानंद शिवहरे ने प्रतिष्ठान में आजीवन सदस्यता ग्रहण किया। कार्यक्रम में तुलसी मानस प्रतिष्ठान के जिला अध्यक्ष राजेन्द्र लोचन तिवारी, प्रदेश उपाध्यक्ष रोहित जंघेल, लालाराम जंघेल, ब्लाक अध्यक्ष बद्रीराम साहु, युवराज सिंह ठाकुर, गजराज जंघेल सहित अन्य शामिल हुए।

### चार लाख की आर्थिक सहायता

**सड़क अतरिया।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6- 4 के तहत प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर मृतक के निकटतम वारिसान के लिए 4 लाख की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया है। कुछ माह पहले सड़क अतरिया निवासी देवकुमार यादव की मृत्यु तालाब में डूबने से हो गई थी। मृतक के निकटतम वारिसान तिहारू यादव पिता ननकू यादव को आर्थिक सहायता राशि दी गई है।

### चिल्ड्रन गार्डन प्ले स्कूल में मनाया ग्रीन डे

**डोंगरगांव।** नगर के चिल्ड्रन गार्डन प्ले स्कूल में शनिवार को ग्रीन डे मनाया गया। केजी वन, टू और कक्षा वन बच्चों ने पौधरोपण किया। मां सरस्वती और गणेश की पूजा कर पर्यावरण एवं स्वच्छता जैसे विषयों पर बच्चों ने नाटक, भाषण तथा नृत्य प्रस्तुत किया।

### समस्या सुनकर किया समाधान

**डोंगरगढ़।** सोमवार को इंदिरा नगर वार्ड 5 में शिव मंदिर निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, भाजपा शहर अध्यक्ष जसमीत सिंह बन्नोआना, सरफराज, शुभम परिहार शामिल हुए। इस मौके पर पालिका अध्यक्ष डोंगरे ने वार्डवासियों की शिकायतें एवं मांगों को सुना। पानी की समस्या को देखते हुए नई पाइप लाइन बिछाने की स्वीकृति दिया।

## कार्यक्रम : छात्रों ने लिया गेड़ी का आनंद और सावन का उठाया लुफ्त

# पारंपरिक वेशभूषा में स्कूल पहुंचीं छात्राएं और मनाया हरेली पर्व



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ संस्कृति के प्रथम त्यौहार हरेली का पर्व साजा विकासखंड अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला अकोला में बड़े ही धूमधाम, उत्साह एवं सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाया गया। पूरे विद्यालय परिसर को हरियाली से सजाया गया और छात्र-छात्राएं एवं शिक्षकगण हरे रंग की पारंपरिक वेशभूषा में नजर आए।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रधान पाठिका श्रीमती हिम कल्याणी सिन्हा द्वारा हरेली पर्व के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को बताते हुए कहा कि हरेली हमारे छत्तीसगढ़ का पहला त्योहार है, जो कृषि, पर्यावरण, परंपरा और समृद्धि का प्रतीक है। सावन मास की अमावस्या को यह पर्व वर्षा ऋतु के आगमन और नई फसल के स्वागत में मनाया जाता है। यह त्योहार किसान और प्रकृति के बीच आत्मीय संबंध को दर्शाता है। इस अवसर पर किसानों द्वारा उपयोग में लाए जाने वाले पारंपरिक



कृषि औजारों जैसे नागर, कुदाली, रापा, हसिया, टंगिया आदि की पूजा की गई। बच्चों ने भी गेड़ी चढ़कर छत्तीसगढ़ी पारंपरा का जीवंत प्रदर्शन किया। हरेली को गेड़ी त्यौहार भी कहा जाता है क्योंकि इस दिन बच्चे गेड़ी पर चढ़कर उत्सव का आनंद उठाते हैं। शिक्षिका हेमलता ठाकुर ने बच्चों को नीम वृक्ष के औषधीय गुणों की जानकारी दी और पर्यावरण की रक्षा में वृक्षों की भूमिका को सरल भाषा में समझाया। इस अवसर पर बच्चों ने तुलसी, नीम, नींबू सहित कई उपयोगी पौधों का रोपण कर हरियाली को बढ़ावा दिया। बच्चों ने छत्तीसगढ़ी हरेली गीतों पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं, जिससे गांव की मिट्टी की सोंधी खुशबू पूरे वातावरण में फैल गई। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों को जलेबी वितरित कर पारंपरिक मिठास के साथ पर्व को पूर्णता प्रदान की गई।

### बाल संसद का गठनः नेतृत्व विकास की ओर एक कदम

इस अवसर पर विद्यालय में बाल संसद का गठन भी किया गया, जिसमें बच्चों को विभिन्न जिम्मेदारियों का दायित्व सौंपा गया। बच्चों ने गुलाल लगाकर नवगठित बाल संसद के पदाधिकारियों का स्वागत किया और नेतृत्व, जिम्मेदारी और अनुशासन के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। हरेली पर्व के माध्यम से शासकीय प्राथमिक शाला अकोला ने न सिर्फ संस्कृति और परंपरा को जीवंत किया, बल्कि पर्यावरण चेतना और बाल नेतृत्व विकास की मिसाल भी प्रस्तुत की।

### सेजेस सिंघौरी में हरेली उत्सव का आयोजन



**बेमेतरा।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सिंघौरी में हरेली उत्सव का आयोजन किया गया। अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य राम गोपाल चंद्राकर ने कहा - छत्तीसगढ़ में हरेली त्यौहार का बहुत महत्व है, जो मुख्य रूप से खेती-किसानी से जुड़ा होता है। यह त्यौहार सावन मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या को मनाया जाता है, जिसे हरियाली अमावस्या भी कहा जाता है। इस दिन किसान अपने कृषि उपकरणों की पूजा करते हैं और घरों में माटी पूजन होता है। किसान अपने कृषि उपकरणों जैसे हल, कुदाली, फावड़ा, गैंती आदि की पूजा करते हैं। गेड़ी चलने की परम्परा, घर के मुख्य द्वार पर नीम की टहनी लगाने की परम्परा है, घरों में गुड़ का चीला, ठेठरी-खुरमी जैसे पकवान बनाए जाने की परंपरा। किसानों के लिए महत्वपूर्ण, पर्यावरण संरक्षण, सामुदायिक एकता के रूप में यह त्यौहार समुदाय के लोगों को एक साथ लाने और सामाजिक बंधनों को मजबूत करने का अवसर प्रदान करता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के प्राचार्य श्री राम गोपाल चंद्राकर विद्यालय के समस्त शिक्षकगण श्री रामकुमार साहू, विनोद साहू, प्रकृति शर्मा, समीर यादव, माधुरी साहू, खुशबू साहू, विभा विश्वकर्मा, तुषार सर्वे, दीपिका साहू, पूजा शर्मा, प्रहलाद धृतलहरे, अनिल खांडे, वेदिका साहू, आशीष तिवारी, ज्योति बनाफर, अनीता कुर्मी, जाह्नवी शर्मा, शुभम पाण्डेय, अन्सधा शर्मा, सुभाष साहू, सरिता शर्मा एवं समस्त विद्यार्थियों का सराहनीय योगदान रहा।

### रानो स्कूल में मनाया गया हरेली त्योहार



**बेमेतरा।** साजा विकास खण्ड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रानो में हरेली पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम मां शारदे एवं छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना की गई। संस्था के प्रमुख किशुन राम साहू ने इस पर्व के उद्देश्य एवं महत्व को स्पष्ट किया। सभी शिक्षकों ने बच्चों को इस पर्व को अच्छे से मनाने के लिए अपनी शुभकामनायें प्रेषित की। नवाचारी शिक्षिका प्रतीक जैन ने बताया कि यह प्रमुख पर्व सावन माह की अमावस्या तिथि को मनाया जाता है।यह किसान भाईयों का प्रमुख पर्व है जो कि खुशहाली का प्रतीक है। कृषि उपकरणों एवं माटी की पूजा की जाती है तथा चीला रोटी बनाया जाता है।साथ ही शिक्षिका ने इस पर्व को बहुत ही अच्छे से मनाने के लिए सभी को शुभकामनायें दी। इस अवसर पर शाला के प्रधान पाठक किशुन राम साहू,समस्त शिक्षक एवं बच्चे उपस्थित रहे।

# बेमेतरा में हुआ श्री श्याम संकीर्तन भक्ति और भाव से सराबोर हुई संध्या

**बेमेतरा।** श्री श्याम मित्र मंडल बेमेतरा द्वारा सोमवार की रात होटल द किंग्स महल (शाही दरबार बैंक्वेट) में श्री श्याम संकीर्तन – मनुहार का आयोजन भव्यता और दिव्यता के साथ किया गया। कार्यक्रम में देशभर से आए ख्यात भजन गायक टीनू शर्मा, शिवानी शर्मा, आशीष शर्मा, प्रेम शर्मा एवं सुरेश राजस्थानी ने सुमधुर भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।

संगीतमय प्रस्तुति में निर्मल म्यूजिक ग्रुप की सुर-ताल की जुगलबंदी ने समूचे आयोजन को विशेष ऊंचाई दी। मंच को फूलों और भक्तिभाव से सजाया गया था, जिसकी अलौकिक सजावट



कोलकाता के कारीगर सोना दादा एंड ग्रुप द्वारा की गई। श्रद्धालुओं को ऐसा अनुभव हुआ मानो वे खाटूधाम में बाबा श्याम के चरणों में उपस्थित हों। करीब दो हजार से अधिक श्रद्धालु इस आयोजन में शामिल हुए। आयोजन स्थल पर "बाबा की रसोई" के माध्यम से श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। व्यवस्था की अनुशासित रूपरेखा और सेवाभाव के लिए श्री श्याम मित्र मंडल की टीम की सराहना की गई।

कार्यक्रम की सफलता में कार्यकर्ताओं, सेवादारों, कलाकारों और श्रद्धालुजनों सहित छत्तीसगढ़ प्रशासन की भी महत्त्वपूर्ण भूमिका रही, जिन्होंने ट्रैफिक व्यवस्था को संभालते हुए कार्यक्रम को सुव्यवस्थित बनाए रखा।

जिला स्तरीय कौशल प्रतियोगिता में युवाओं ने दिखाई अपनी दक्षता

# कौशल तिहार 2025 : युवाओं में प्रतिभा आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता का उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ राज्य कौशल विकास प्राधिकरण के अंतर्गत मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना एवं प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना में प्रशिक्षित तथा प्रशिक्षणरत युवाओं के लिए "कौशल तिहार 2025" का आयोजन जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज, चोरभट्ठी, बेमेतरा में किया गया। इस जिला स्तरीय कौशल प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रातः 10 बजे विधायक दीपेश साहू एवं जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी की उपस्थिति में हुआ।

### युवाओं को मिला मंच, मिली पहचान

ऑटोमोटिव सेवा तकनीशियन लेवल-3, सहायक इलेक्ट्रिशियन एवं सौर पंप तकनीशियन जैसे कोर्स में प्रशिक्षित युवाओं ने प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों द्वारा कौशल प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

**एक पेड़ मां के नाम — पर्यावरण संरक्षण की ओर एक भावनात्मक पहलः** इस अवसर पर सामाजिक सरोकार से जुड़े अभियान एक पेड़ मां के नाम के तहत दोनों अतिथियों द्वारा पौधारोपण किया गया। यह पहल न केवल पर्यावरण जागरूकता बल्कि मातृ सम्मान की भावना से भी जुड़ी रही।

विधायक दीपेश साहू ने कहा की प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनाएं सिर्फ प्रशिक्षण नहीं, बल्कि करोड़ों युवाओं के जीवन में बदलाव लाने की क्रांतिकारी पहल हैं। आज गांव-गली से हुनरमंद भारत उभर रहा है, यही असली 'कौशल युक्त भारत' की तस्वीर है। उन्होंने यह भी कहा की इन योजनाओं ने विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों की बेटियों को सिलाई, ब्यूटी पार्लर, डाटा एंट्री और डिजिटल लर्निंग जैसी कौशलों से सशक्त किया है। मुख्यमंत्री योजना के अंतर्गत स्थानीय मांग पर आधारित प्रशिक्षण ने युवाओं को उन्हीं के गांव में रोजगार के अवसर दिए हैं।

### प्रतियोगिता में प्रतिभाओं का जोश और हुनर

प्रतियोगिता में युवाओं ने उपकरण परीक्षण टूल टेस्टिंग, मॉडल प्रदर्शन मॉडल डेमो और लाइव कार्य प्रदर्शन रियल वर्क शोकेस के माध्यम से अपनी दक्षता का प्रदर्शन किया। उनके उत्साह को देखकर उपस्थित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने भरपूर सराहना की। इस अवसर पर दर्जनों युवाओं को प्रमाण पत्र और पुरस्कार वितरित किए गए, सफल प्रशिक्षुओं ने मंच से अपनी सफलता की कहानियाँ साझा की। कौशल तिहार 2025 जिले के युवाओं के लिए एक उत्सव, मंच और प्रेरणा का केंद्र बनकर संपन्न हुआ।

# जिपं अध्यक्ष ने सोंढ़ की सेवा सहकारी समिति व राशन दुकान का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने ग्राम सोंढ़ का दौरा कर वहां स्थित सेवा सहकारी समिति मर्यादित, किसान कुटीर भवन एवं राशन दुकान का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने खाद-बीज वितरण, स्टॉक की उपलब्धता तथा हितग्राहियों तक शासकीय योजनाओं के लाभ की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की। श्रीमती तिवारी ने समिति प्रबंधन को सख्त निर्देश दिए कि बेमेतरा कृषि प्रधान जिला है, अतः किसानों को किसी भी प्रकार की खाद, बीज एवं दवाई की किल्लत न हो। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा किसानों के लिए भरपूर मात्रा में खाद-बीज की आपूर्ति की जा रही है, अतः



किसानों को बाजार से खरीदने की नौबत नहीं आनी चाहिए।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने समिति के अभिलेखों की जांच की एवं व्यवस्थाओं की पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने पर बल दिया। इसके साथ ही राशन दुकान में हितग्राहियों से प्रत्यक्ष संवाद कर उन्होंने वास्तविक स्थिति की जानकारी ली तथा वितरण प्रक्रिया की समीक्षा की। उन्होंने साफ-सफाई, सामग्री की गुणवत्ता और कर्मचारियों की उपस्थिति की भी जांच की और संतोषजनक कार्यप्रणाली के लिए संबंधित अधिकारियों की सराहना की।

### इस अवसर पर श्रीमती कल्पना योगेश तिवारी ने कहा

हमारा लक्ष्य है कि प्रत्येक किसान और ग्रामीण नागरिक को शासन की योजनाओं का पूर्ण लाभ मिले और कोई भी हितग्राही वंचित न रहे। नियमित निरीक्षण से न केवल पारदर्शिता सुनिश्चित होती है, बल्कि कार्यप्रणाली में जवाबदेही भी आती है। आने वाले समय में जिले के विद्यालयों, स्वास्थ्य केंद्रों एवं अन्य जनसुविधाओं की व्यवस्थाओं का भी गहन निरीक्षण किया जाएगा ताकि शासन की योजनाओं का सही क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके।

# स्कूल में लगाया गया आपदा चेतावनी सायरन

**साजा।** मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा योजना छतीसगढ़ के अंतर्गत बच्चों को विभिन्न तरह की विपरीत स्थितियों, स्कूलों में घटने वाली आकस्मिक घटनाओं, चौमासा के दरमियान वर्षा, आंधी-तूफान,



आकाशीय बिजली आदि से सुरक्षित रखने का निर्देश विभागीय रुप से समय-समय पर जारी किया गया है। इस हेतु शालाओं में शिक्षकों को नवाचारी कदम उठाने की भी प्रेरणा विभागीय तौर पर दी गई है। इसका अनुपालन करते हुए राष्ट्रपति पुरस्कृत प्रधान पाठक साजा निवासी राम कुमार वर्मा ने अपने समुदाय विस्तार सेवा के अंतर्गत संकल्पित 25 शालाओं में क्रम में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साजा में अपने द्वारा बनाए गए। आपदा प्रबंधन सायरन शाला के प्राचार्य ए.के. गुप्ता को भेंट की। उन्होंने इसका संचालन प्रार्थना सभा के दरमियान बच्चों के मध्य करते हुए बताया कि शाला परिसर, किसी भी कक्षा या स्थल पर किसी तरह की दुर्घटना होने, जहरीले कीड़े-मकोड़े, सर्प आदि निकलने, आग लगने जैसी आपदापूर्ण स्थितियों में सायरन बजा कर सभी बच्चों को सचेत किया जा सकता है। तब सायरन की आवाज सुनकर आसपास के लोग भी यह समझने का हर संभव प्रयास करेंगे कि शाला में कोई घटना घटित हो गई है। ऐसे में सतर्क होकर बच्चों की सुरक्षा के लिए सहयोग भी कर सकते हैं। इसका संचालन करके लाल,पीला, हरा आदि बल्ब जलाकर संकेत प्रणाली को समझने हेतु बच्चों को प्रेरित किया गया। इसके लिए शाला के प्राचार्य ए.के.गुप्ता, प्रधान पाठक एच.एल.मिर्झा शालेय स्टाफ संगीता राजपूत, रेखा वर्मा, टिकेश्वर साहू, रुप सिंह जंघेल व शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष धरम चंद जैन ने हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त की है।

## शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल परपोड़ा में हुआ जागरूकता कार्यक्रम

# बैड टच और गुड टच के प्रति छात्राएं हुईं जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

विकासखण्ड बेरला क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले चंद्रशेखर आजाद शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल परपोड़ा में छात्र जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत मंगलवार को आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के प्रेरणास्त्रोत नीरज राजपूत जनपद सदस्य बेरला के मार्गदर्शन में देवकर चौकी प्रभारी यूआर टाडेकर, प्रधान आरक्षक सुरेन्द्र तिवारी, शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हेमू साहू की उपस्थिति में माता सरस्वती के पूजा अर्चना से प्रारंभ हुआ।

उपस्थित अतिथियों का स्वागत शालानायक राकेश साहू, कक्षा कप्तान 12वीं जयकिशन वर्मा, छात्रा पायल साहू, निकिता निर्मलकर, नीशू साहू द्वारा किया गया। सहायक उप निरीक्षक यूआर टाडेकर ने शाला



प्रबंधन को कहा कि छात्रों की गलतियां नादानी होती है। इसे अनुशासनहीनता नहीं समझना चाहिए। छात्रों की ओर इंगित करते हुए बताया कि अपने नजरिया खराब नहीं करना चाहिए। इसके अंतर्गत उदाहरण स्वरूप बैड टच और गुड टच किसे कहते हैं छात्रों को जागरूक किया। बच्चों को अपने समझ को विकसित करने के उपाय उदाहरण द्वारा बताते हुए बताया कि वायर शब्द अंग्रेजी है, हिन्दी में तार, रसायन की भाषा में धातु, गणित में तार की लंबाई एवं चौड़ाई का आकलन करना, तार की क्षमता का आकलन को भौतिक विषय बताया इस प्रकार बच्चों को अपने सोच में शोधात्मक परिवर्तन लाने प्रेरित किया।

अगली कड़ी में छात्रों को यातायात नियमों, घरेलू हिंसा, दहेज प्रताड़ना, साइबर अपराध, पाक्सो अधिनियम अंतर्गत दिल्ली के निर्भया केस का जिक्र किया। छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने के लिए धावक उसेन बोल्ट के तेज दौड़ने की क्षमता को बताया एवं उपस्थित जनों को नशामुक्ति हेतु शपथ दिलाया। प्राचार्य जेएल पारधी ने छात्रों के शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक सुरक्षा पर प्रकाश डालते हुए आत्मरक्षा के संबंध में बताया। जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष हेमू साहू ने जनभागीदारी समिति के सदस्यों, पालकों एवं शिक्षकों के सामूहिक प्रयास से छात्रों के व्यक्तित्व विकास पर अपने विचार रखा।

कार्यक्रम में बलदाऊ वर्मा, सीताराम साहू, ओमप्रकाश साहू, राजेश सिंह राजपूत, दुर्गाराम शिवारे, बीरेंद्र वर्मा, व्याख्याता हेमंत यदु, माया जयन, प्यारे लाल साहू, महेंद्र साहू, त्रिवेन्द्र शिवारे, पायल राजपूत, पायल शर्मा, मुकेश साहू, जनभागीदारी समिति के सदस्य, पालकगण, सभी छात्र - छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ व्याख्याता बी एल कुर्रे ने किया। आभार प्रदर्शन एवं कार्यक्रम के समापन की घोषणा व्याख्याता दिव्या देवांगन ने किया।

